अग्रवाल महाविद्यालय प्रांगण में दिनांक 6–7 सितम्बर, 2019 को "प्रतिभा खोज" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी की प्रेरणा व मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने अपने वक्तव्य में शिक्षण के साथ–साथ शिक्षणेतर (सांस्कृतिक) गतिविधियों के महत्व पर अमूल्य विचार विद्यार्थियों के साथ सांझा किये। एक मुख्य पहलू को रखते हुए उन्होंने कहा कि महाविद्यालय एक अच्छा स्तर या प्लेटफार्म है जहाँ युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी ऊर्जा का समुचित उपयोग कर सकते हैं। विद्यार्थियों के साथ–साथ प्राध्यापकों के सम्बोधित करते हुए कहा कि यें वो आधार है जो विद्यार्थियों में निहित क्षमताओं को सवारते और उजागर करते हैं। इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य, संगीत, कविता–पाठ, भाषण, रंगोली, अभिनय इत्यादि के माध्यम से विद्यार्थी अपनी–अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में बड़ा उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक डॉ. के.एल. कौशिक, नृत्य इंचार्ज मैडम सुप्रिया व म्यूजिक इंचार्ज डॉ. पूजा सैनी और नृत्य निदेशक संजय कुमार का विशेष योगदान रहा।